टीसीआई सेफ सफर: हर सफर–सेफ सफर–ईएसजी सफर

चंडीगढ़। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत सप्लाई चेन और लॉजिटिक्स सोल्यूशन प्रोवाइडर कंपनी, टीसीआई ग्रुप विशेष रूप से बनाए गए ट्रकों में नुक्कड़ नाटक का लगातार आयोजन कर रही है। ये नुक्कड़ नाटक 1940 से भारत में प्रचलित हैं। ये एक बार फिर जन समुदाय को संदेश देने का जांचा–परखा तरीका बन रहे हैं। टीसीआई सेफ सफर अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक की इसी पुरानी विधा का इस्तेमाल किया गया है। इसमें अभिनेता स्थानीय भाषा में बोलते हुए, रंगबिरंगी ड्रेस पहनकर, ड्राइवरों को शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अब तक यह पहल 10 लाख से अधिक ड्राइवरों तक पहुंच चुकी है; जिन्हें सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के पहलुओं पर जागरूक किया गया है। ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई ग्रुप) का टीसीआई सेफ सफर अभियान ड्राइवरों को शिक्षित करने की दिशा में ड्राइवरों के द्वारा तथा ड्राइवर के लिए उठाया गया एक कदम है। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम से कहीं अधिक यह अभियान ड्राइवर के दर्जे को बढ़ाता है।